(a) whether it is a matter of policy of the A.I.R. to broadcast and highlight the caste, particularly the subcaste, to which Gandhiji belonged ;

(b) the number of Hindi features broadcast during the Gandhi Centenary which have mentioned the details of Gandhiji's sub-caste ; and

(c) whether the mentioning of sub-caste of Mahatma Gandhi does not amount to propagating casteism at the time when even the census reports have ceased to carry the mention of caste ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING, AND IN THE DEPARTMENT OF COMMUNICATIONS (SHRI I.K. GUJRAL) : (a) No, Sir,

(b) One.

(c) No, Sir.

### अंगूर का निर्यात

1703. श्री महाराज सिंह भारती : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दक्षिण भारत में अंगूर की फसल मार्च-अप्रैल में होती है तथा उत्तर भारत में यह फसल मई-जून में होती है तथा अन्य देशों में इन महीनों में अंगूर की फसल नहीं होती ; और

(ख) यदि हां, तो अन्य देशों को अंगूर का निर्यात करने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास और सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे) : (क) दक्षिण भारत में अंगूरों का मौसम फरवरी से अप्रैल तक होता है और उत्तरी भारत में इनका मौसम मई से जून तक रहता है। लेकिन कुछ विदेशों में भी इन मौसमों में अंगूर की फसल उपलब्ध रहती है।

(ख) भारतीय अंगूरों की खेती (फरवरी अप्रैल) फसल के लिए विदेशी बाजारों में स्थान बनाने के उद्देश्य ये प्रयत्न किए गए हैं। बाजार अध्ययनों से पता लगा है कि विदेशी बाजारों में अंगूरों का थोक मूल्य स्थानीय वर्तमान मूल्यों से कम है। अतः अंगूरों का निर्यात अलाभकर पाया गया है। फिर भी अरब की खाड़ी और मौरिसस को अंगूरों के निर्यात के औचित्य का अध्ययन किया जा रहा है।

### गरम जल द्वारा आम को पकाना

1704. श्री महाराज सिंह भारती : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गरम जल द्वारा आमों को पकाने की एक विधि का पता लगाया गया है और इससे यह फल सड़ता नहीं, बल्कि इसका रंग सुगंध तथा गूदे में सुधार हो जाता है; और

(ख) यदि हाँ, तो इस विधि का ब्यौरा क्या है और किसानों, आढ़तियों तथा व्यापारियों में इस विधि का प्रचार न करने के क्या कारण हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास और सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे) : (क) आमों को गर्म पानी में डुबोने की तकनीक, सूक्ष्मजीवी सम्बन्धी नुकसान को कम करने में प्रभावशाली सिद्ध हुई है और अल्फोजों, पैरी, नीलुम तथा बसेहरी जैसी कई किस्मों के शीघ्र पकने में सहायता करती है। यह कम तापक्रम की परिस्थितियों में आमों की संचयन अवधि को भी बढ़ाता है। किन्तु, इस उपचार से रंग, सुगंध या गूदे में सुधार होने की रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है।

(ख) इस पक्ष पर केन्द्रीय खाद्य तकनोलोजिकल अनुसंधान संस्था, मैसूर तथा उद्यान-विज्ञान अनुसंधान संस्था, सहारनपुर में कुछ

प्रयोग किये गए हैं । फलों को 5 मिनट तक 52° सी ±1° सी के गर्म पानी में डुबोकर फलों के तोड़ने के बाद के उपचार के रूप में प्रभावशाली सिद्ध हुआ है । व्यापारिक पैमाने पर केवल शीत भण्डारों में आमों के संचय के लिए इस उपचार की सिफारिश की गई है और सामान्य विपणन के लिए नहीं । अत: किसानों, आढ़तियों तथा व्यापारियों के द्वारा यह उपचार नहीं किया जा रहा है ।

## दालें निकालने का तरीका

1705. श्री महाराज सिंह भारती : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में दालें निकालने का कोई ऐसा तरीका निकाला गया है जिससे कम समय में तथा कम लागत पर अनाज की उतनी ही मात्रा से 10 प्रतिशत अधिक दालें निकाली जा सकती हैं; और

(ख) यदि हां, तो उक्त तरीके के आधार पर समूचे देश में दालें तैयार करने की मिलें स्थापित करने के बारे में सरकार या कार्यवाही कर रही है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे) : (क) और (ख). केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी संस्थान दाल दलने में सुधार करने हेतु एक प्रतिक्रिया पर कार्य कर रहा है ताकि दाल दलने के दौरान क्षति की मात्रा कम की जा सके । इस कार्य के पूरा हो जाने और उसका मूल्यांकन कर लेने के केवल बाद ही उसे बड़े पैमाने पर प्रयुक्त करने की बात उठेगी ।

## Elimination of Intermediaries in Food Trade

1706. SHRI HIMATSINGKA : Will the Minister of FOOD AND AGRICULTURE be please to state :

(a) whether middlemen are eliminated in the procuremet of foodgrains by Government agencies ;

(b) whether elimination of middlemen would involve provision of other credit advancing institutions; and

(c) if so, the steps proposed to be taken in the matter?

THE MINSTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD, AGRICULTURE, COMMUNITY DEVELOPMENT AND CO-OPERATION (SHRI ANNASAHIB SHINDE. (a) : It is the policy of the Government to reduce the number of intermediaries and purchase foodgrains directly from the producer as far as possible. The Food Corporation of India and the agencies of the State Governments are procuring directly from the producers wherever possible and through agents where necessary. In the selection of agencies, the co-operatives are given preference wherever they are in a position to undertake this work.

(b) Adequate credit is already being provided to the procuring agencies.

(c) Does not arise.

## मध्य प्रदेश के नेहरू कृषि विश्वविद्यालय को अनुदान

1709. श्री गं० च० दीक्षित : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्र द्वारा पर्याप्त अनुदान न मिलने के कारण मध्य प्रदेश से नेहरू कृषि विश्वविद्यालय को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे) : जी हां ।

(ख) प्रश्न ही नहीं होता ।